# फेडरेशन आफ एल आई सी क्लास वन आफिसर्स एसोसिएशन
# नेशनल फेडरेशन आफ इंश्योरेंस फील्ड वर्कर्स आफ इण्डिया
# सेन्ट्रल जोन इंश्योरेंस एम्प्लाइज एसोसिएशन
# आल इंडिया एल आई सी एम्प्लाइज फेडरेशन

संयुक्त परिपत्र

दिनांक : 11.11.2023

प्रति,
सभी मंडल सचिवों के नाम

प्रिय साथियों,

जैसा कि आपको विदित है मध्य क्षेत्र में विभिन्न मंडलों में एक वर्ष के अनुबंध पर हॉउस कीपिंग अटेंडेंट के लिए निविदा जारी की गई है जिसमे स्थाई प्रकृति के चतुर्थ श्रेणी के कार्य शामिल हैं . जिस मंडल में भी ऐसी पहल की गई है वहां उसका विरोध किया गया है और मंडल प्रबंधक को ज्ञापन भी सौंपे गए हैं.

मध्य क्षेत्र में फेडरेशन आफ क्लास वन आफिसर्स एसोसियेशन, एन एफ आई डब्लू आई, सी जेड आई ई ए तथा आल इण्डिया एल आय सी एम्प्लाइज फेडरेशन के द्वारा संयुक्त रूप से इसका विरोध करते हुए निम्न आन्दोलन का आव्हान किया गया है

1. स्थाई प्रकृति के किसी भी कार्य का आउटसोर्स का निर्णय रद्द किया जाय तथा तृतीय, चतुर्थ श्रेणी संवर्ग सहित सभी संवर्ग में तत्काल नई भर्ती प्रारम्भ की जाय इन दोनों मांगों को लेकर दिनांक 15 दिसम्बर को मध्य क्षेत्र की सभी मंडल/ शाखा इकाई में संयुक्त रूप से द्वार प्रदर्शन कर क्षेत्रीय प्रबंधक महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा जाय .( इसे सभी इकाई की ओर से संयुक्त रूप से प्रदर्शन के बाद स्थानीय प्रबन्धन को इकाई के नाम सहित सौंपे जाएँ .)
2. 15 दिसम्बर को संयुक्त मोर्चा के घटक संगठन के सभी सदस्य उपरोक्त दोनों मांगों का बिल्ला धारण कर मांग दिवस मनाएंगे . बिल्ले का प्रारूप निम्न है :

**एल आई सी यूनियनों का संयुक्त आव्हान**

| |
|---|
| **15 दिसम्बर 2023 मांग दिवस** |
| **हॉउस कीपिंग अटेंडेंट के नाम पर चतुर्थ श्रेणी के स्थायी प्रकृति के कार्य का आउटसोर्स का निर्णय रद्द करो** |
| **तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी संवर्ग सहित सभी संवर्ग के रिक्त पदों पर नई भर्ती तत्काल प्रारम्भ करो** |
| **निवेदक** |
| **फेडरेशन आफ क्लास वन आफिसर्स एसोसियेशन** |
| **एन एफ आई डब्लू आई** |
| **सी जेड आई ई ए** |
| **ए आई एल आई सी एम्प्लाइज फेडरेशन** |
| **मध्य क्षेत्र** |

# ज्ञापन का प्रारूप

प्रति, दिनांक : --   .12.2023

श्रीमान क्षेत्रीय प्रबंधक
भारतीय जीवन बीमा निगम
मध्य क्षेत्र, भोपाल ,

महोदय,

**विषय : स्थायी प्रकृति के कार्यों को आउटसोर्स किये जाने के विरुद्ध .**

( द्वारा: उचित माध्यम, शाखा/ मंडल प्रबंधक/ इकाई का नाम )

हम मध्य क्षेत्र के एल आई सी के यूनियनों के उपरोक्त संगठनों के आव्हान पर आयोजित आज दिनांक 15 दिसम्बर को ( इकाई का नाम ) आयोजित मांग दिवस तथा द्वार प्रदर्शन के माध्यम से प्रेषित इस ज्ञापन के माध्यम से निम्न तथ्यों की ओर आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहते हैं :

भारतीय जीवन बीमा निगम के विभिन्न मंडल में चतुर्थ श्रेणी के स्थायी प्रकृति के कार्य को आउटसोर्स करने के लिए निविदा जारी की गई है .

हमने आपको पूर्व में ही अवगत कराया है कि चतुर्थ श्रेणी संवर्ग के स्थायी प्रकृति के कार्यों को आउटसोर्स करने का कोई भी प्रयास अनुचित है . इस संबध में संयुक्त मोर्चा के द्वारा अपने पत्र दिनांक 13.10.2023 के माध्यम से भी इस विषय पर अपनी चिंताओं एवं आपत्तियों से आपको अवगत कराया है . इस पत्र में उद्योग में कर्मचारियों की कमी को दूर करने आउटसोर्स जैसे क़दमों की बजाय तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी संवर्ग में नई भर्ती की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए इस पर पहल का आग्रह किया गया है .

किन्तु इसकी बजाय मध्य क्षेत्र के विभिन्न मंडल में हॉउस कीपिंग अटेंडेंट के नाम पर निविदा जारी की गई है जिसकी हम तीव्र निंदा करते हैं . इस निविदा के प्रावधान में

Scope of Work of Attendant Services

1. Daily Cleaning of Office Furniture & Fixtures which includes table, sofa, almirahs, telephones, fans other electrical equipment’s, computer peripherals etc.
2. Attending to officers & staff
3. Serving tea, snacks etc., Drinking water washing utensils like cup, jug, glass etc. related to these services.
4. Opening &closing of office main gate, doors, windows etc.
5. Carrying message, letter, dak, post etc. to different offices.
6. Switching on & off the light, fans, ACs whenever necessary
7. Assisting in photocopying, scanning and packing & dispatch of documents
8. Moving & shifting of office furniture/items
9. To see all waste papers are removed/ stored properly
10. Turning off water taps wherever water is overflowing etc. every day
11. Any other miscellaneous job of similar nature required from time to time by the Corporation

जैसे स्थायी प्रकृति के कार्य को आउटसोर्स किया जा रहा है जिसका हम तीव्र विरोध करते हैं.

हम पुनः आपको अवगत कराना चाहते हैं कि निजी प्रतिस्पर्धियों से मुकाबले के दौर में हमारे रिकार्ड तथा हमारे डाटा तक बाहरी एजेंसी या उनके कर्मियों की किसी भी प्रकार की पंहुच रोकने के लिए विश्वसनीय स्थायी कर्मियों की बजाय किसी आउटसोर्स कंपनी की उस तक पंहुच का अवसर उपलब्ध कराना संस्था के लिए आत्मघाती कदम होगा .

हम आपको पुनः अवगत कराना चाहते हैं कि ऐसे समय जब चौतरफा चुनौती का सामना करने और व्यवसाय तथा संस्थान की निरंतर प्रगति के लिए समूचे कार्यबल को एकजुट कर ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता है उसकी बजाय ऐसा कदम कार्य बल में असंतोष और अविश्वास तथा औद्योगिक अशांति उत्पन्न करेगा .

इस परिप्रेक्ष्य में हम आज के इस बिल्ला धारण कर मांग दिवस के आन्दोलन के द्वारा आयोजित संयुक्त प्रदर्शन के जरिये प्रेषित किये जा रहे इस ज्ञापन के माध्यम से आपसे उपरोक्त विषय पर संस्था के हित तथा औद्योगिक शांति के लिए स्थायी प्रकृति के कार्य को आउटसोर्स किये जाने के इस कदम पर रोक लगाने तथा तृतीय, चतुर्थ श्रेणी संवर्ग सहित सभी संवर्ग में तत्काल नई भर्ती प्रारम्भ करने पहल किये जाने का आग्रह करते हैं .

धन्यवाद सहित

भवदीय

सभी संगठन के स्थानीय नेताओं एवं उनके संगठन के नाम

धन्यवाद सहित

| | | | |
|---|---|---|---|
| **एच.के. गड़पाल** | **निखिल चतुर्वेदी** | **डी आर महापात्र** | **सुबीर भारतीय** |
| क्षेत्रीय महासचिव | क्षेत्रीय महासचिव | महासचिव | महासचिव |
| *फेडरेशन ऑफ एलआईसी क्लास 1 ऑफिसर्स एसोसिएशन* | *नेशनल फेडरेशन ऑफ इंश्योरेंस फील्ड वर्कर्स ऑफ इंडिया* | *सेंट्रल जोन इंश्योरेंस एम्प्लॉइज एसोसिएशन* | *ऑल इंडिया एलआईसी एम्प्लॉइज फेडरेशन* |